हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 स्वास्थ्य संयोजकों से लिया जा रहा डाटा एंट्री का काम

14 महाष्टमी पर मां अंगारमोती के दरबार में गूंजा स्वाहा-स्वाहा


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## नवरात्रि विशेष



### नवमी : सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## खबर संक्षेप

### गौशाला मैदान में मनेगी विजयादशमी

**धमतरी।** इस वर्ष भी नगर पालिक निगम धमतरी के तत्वावधान में 12 अक्टूबर शनिवार की शाम 6 बजे विजयादशमी पर्व का आयोजन रामलीला (गौशाला मैदान) में किया गया है। निगम ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन 18 तक

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के तहत ग्राम कानामुका, मंदरौद, चर्रा, चिंवरी, खपरी, सौराबांधा, कल्ले, चिरपोटी, खपरी और बगदेही में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए सहकारी समिति, महिला स्वसहायता समूह और स्थानीय निकाय आवेदन करने के लिए पात्र संस्था है, जिसका पंजीयन तीन माह पूर्व होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नियत तिथि के बाद मिले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# नगर में 55 साल से मनाया जा रहा बंगाली दुर्गा पूजा उत्सव

## सर्वप्रथम 1969 में रेलवे स्टेशन प्रांगण में हुई थी दुर्गा पूजा की शुरूआत







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री दुर्गा पूजा उत्सव बंगाली समाज का महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे समाज के सभी सदस्य मिलजुलकर मनाते हैं। दुर्गा पूजा आज भी प्राचीन परंपरा के अनुसार मनाई जाती है। नवरात्रि पर दुर्गा पूजा बंगाली पंचांग के अनुसार अश्विन मास की छठी तिथि से मनाई जाती है।

बंगाली समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने बताया कि बंगाली दुर्गा पूजा उत्सव की शुरूआत 1969 से हुई है। विगत 55 साल से अनवरत जारी है। इस पूजा में समाज के सभी 400 सदस्य शामिल होते हैं। श्री कर ने बताया कि 1969 में स्व. एसके साहा, तत्कालीन स्टेशन मास्टर स्व. रमेश भट्टाचार्य, मोंटू मुखर्जी एवं अन्य सदस्यों के सहयोग से सर्वप्रथम रेलवे स्टेशन प्रांगण में दुर्गा पूजा उत्सव प्रारंभ किया गया था। बंगाली दुर्गा पूजा का उत्सव छठी तिथि से शुरू होता है। दशमी तिथि को समाप्त होती है। दुर्गा पूजा उत्सव कुछ वर्षों तक डागा धर्मशाला रायपुर रोड में मनाया गया। विगत चार वर्षों से महाराणा प्रताप गार्डन गली नंबर 3 विवेकानंद कालोनी में मनाया जा रहा है ।

श्री कर ने बताया कि बंगाली दुर्गा पूजा विधि-विधान से मनाई जाती है। तिथि व समय पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस वर्ष पंचमी पूजा 8 अक्टूबर शाम को मनाई गई। 9 अक्टूबर को महाषष्ठी पूजा सुबह 5:15 से 7:32 बजे तक हुई। इसके बाद बोधन, आमंत्रण अधिवास हुआ। 10 अक्टूबर को महासप्ती पूजा एवं नवपत्रिका स्थापना हुई। 11 अक्टूबर को महाष्टमी पूजा सुबह 4:30 बजे, संधि पूजा 6:24 बजे, बलिदान 6:48 बजे सुबह, पूजा का समापन 7:12 बजे होगा। 12 अक्टूबर को महानवमी पूजा सुबह 3:45 बजे से, हवन पूजन 8 बजे, महादशमी पूजा सुबह 10:30 बजे से होगी। प्रतिमा वरण व महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को सिंदूर लगाया जायेगा। सिंदूर पूजा के बाद बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ रूद्री घाट में प्रतिमा का विसर्जन होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के संजय भट्टाचार्य, स्वप्निल दत्ता, तरूण डेरा, देबाशीष पाटिकर, प्रो. सपन साहा, प्रो. तरूण बनर्जी, डॉ. सरोज साहा, डॉ. देबाशीष हाजरा, डॉ. एसके राय, डॉ. प्रदीप पोद्दार, सुनील भट्टाचार्य, एसके नाग चौधरी, रंजना भट्टाचार्य, सहदेव विश्वास, विश्वरंजन सरकार, तापस बारूली, शंकर आचार्य, सुभाष मल्लिक, विकास दत्ता, विराज दत्ता, सुबीर दास, मानव गोस्वामी, मोंटू मुखर्जी, शंकर दास, निरापद बेरा, दिनेश डे, आशीष भट्टाचार्य, दिलीप भट्टाचार्य, विजय पवार, माधव कुमार, जयंत मंडल, तारक ओझा, अविनाश दत्ता, रीता छाबड़ा, बीथिका विश्वास, श्यामल साव, मलय राय चौधरी, जगदीश बरमह आदि जुटे हैं।

### नौकरी, व्यवसाय के सिलसिले में पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश से पहुंचा बंगाली समाज

समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर बताते हैं कि बंगाली समाज के सदस्य नौकरी और व्यवसाय के सिलसिले में पश्चिम बंगाल से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पहुंचे जो यहीं के होकर रह गए। धीरे-धीरे समाज के सदस्यों की संख्या बढ़ती गई। इसी प्रकार बांग्लादेश से आए समाज के सदस्यों को भारत सरकार ने विभिन्न स्थानों में बसाया जो व्यापार, शिक्षा, नौकरी की वजह से स्थान परिवर्तन करते गए। धमतरी में भी व्यापार, नौकरी की वजह से बसे हैं। आगे बताया कि अपनी परंपरा अनुसार पूजा, पाठ व्रत, त्योहार, उत्सव कई साल से मनाते आ रहे हैं।

## अछोटा खदान में रेत भर रहे ट्रैक्टरों को यूनियन के दबाव में छोड़ा गया

# पांच ट्रैक्टरों पर कार्रवाई बाकी पर मेहरबानी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अछोटा पुल के नीचे से रेत निकासी रोकने गई खनिज विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध को देखते हुए अधिकारियों ने 25 से ज्यादा ट्रैक्टरों को बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया। कोलियारी में पकड़े गए मात्र 5 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई। इन ट्रैक्टर संचालकों पर दस -दस हजार रुपए की फाइन लगाई गई है।

मेघा में महानदी पर बना पुल समय से पहले ही धसक गया। इस गड़बड़ी ने निर्माण कार्य की पोल तो खोल दी है। साथ ही नदी में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर भी सवालिया निशान लग गया है। जिले के कई अन्य पुल पुलिया के नीचे भी रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से हो रहा है। जिला प्रशासन अब इन पुल पुलिया के नीचे हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को रोकने में जुट गया है।

इसी के तहत गुरुवार को खनिज विभाग ने ट्रैक्टरों पर कार्रवाई शुरू कर दी। शुरूआत रेत ले जा रहे दो ट्रैक्टरों से की गई, जो रेत भरकर कोलियारी से गुजर रहे थे। इसके बाद सड़क पर ही तीन और ट्रैक्टरों को पकड़कर कलेक्टोरेट भिजवा दिया गया। इन ट्रैक्टरों को कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने खड़ा किया गया। इसके बाद टीम अछोटा रेत खदान पहुंची जहां पर करीब 15 गाड़ियां रेत भरने में लगी थीं। कई गाड़ियां रेत भरकर निकल रही थीं। इन गाड़ियों पर कार्रवाई शुरू की गई थी कि ट्रैक्टर संचालकों ने विरोध शुरू कर दिया। ट्रैक्टर यूनियन के लोग भी पहुंच गए। जमकर हुए विरोध को देखते हुए खनिज विभाग की टीम खदान से बैरंग लौट गई। सिर्फ पांच गाड़ी जिसे कोलियारी में पकड़ा गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इन ट्रैक्टरों के संचालकों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई, उसके संचालक नाराज रहे। उन्होंने कहा कि कार्रवाई करनी थी तो सभी गाड़ियों पर की जानी थी। केवल उन्हें बलि का बकरा बनाया गया। बाकी गाड़ियों पर अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पाए।

### ऐसे चल रहा डंपिंग-डंपिंग का खेल

जिले में डंपिंग- डंपिंग का खेल चल रहा है। हाइवा आदि बड़े वाहन को नदी में प्रवेश नहीं मिलता। ऐसे में ट्रैक्टर संचालक नदी से रेत भरकर आसपास डंप कर रहे हैं। रात में इसी रेत को हाइवा में लोड किया जाता है। बड़ी संख्या में ट्रैक्टर इसी नए काम में लगे हुए हैं। इसके अतिरिक्त चार से पांच जेसीबी भी लोडिंग के काम में लगी है। खनिज विभाग ने शुरूआती दौर में अवैध डंपिंग पर कार्रवाई की थी, लेकिन अब अवैध डंपिंग पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### खुलेंगी खदानें, उससे पहले की जा रही तैयारी

एनजीटी के नियम के अनुसार बारिश के चार माह नदी से सीधी लोडिंग बंद रहती है। अब बारिश का मौसम बीतने वाला है। ऐसे में खदानें भी वैधानिक रूप से चालू हो जाएंगी। खदानों के चालू होने से पहले खनिज विभाग अपनी तैयारी में है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में मात्र पांच खदान ही वैध हैं। ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग अवैध खदानों से ही हो रही है, लेकिन ट्रैक्टरों से बड़ी संख्या में मजदूरों की रोजी रोटी जुड़ी हुई है, इसलिए इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## केरेगांव जंगल में एक दंतैल की वापसी

- आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांव में अलर्ट, फसल को पहुंचा रहा नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

केरेगांव जंगल में एक दंतैल हाथी की फिर से वापसी हो गई है। धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथी विचरण क्षेत्र के आसपास गांवों में दहशत बनी हुई है। हाथी निगरानी दल इस पर नजर बनाए रखा है। दर्जनभर गांव अलर्ट पर है।

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद से उत्तर सिंगपुर, केरेगांव तथा धमतरी परिक्षेत्र का जंगल हाथियों का कॉरिडोर बन चुका है। इस क्षेत्र में हाथी महीनों विचरण करने के बाद गरियाबंद या बालोद के जंगल में कूच कर जाते हैं। कुकरेल कांटाकुर्रीडीह में शिव महापुराण आयोजन से पहले तीन हाथी इस क्षेत्र में विचरण कर रहे थे। 19 सितंबर को तीनों हाथी गरियाबंद के जंगल में चले गए। पखवाड़ा भर बाद 6 अक्टूबर को एमई-3 हाथी ने पैरी नदी पारकर उत्तर सिंगपुर के जंगल में प्रवेश किया। सिंगपुर जंगल के परिसर मड़ेली, पेंड्रा, राजपुर, पवई नाला पार कर गुरुवार को केरेगांव के जंगल में पहुंच गया है। हाथी निगरानी दल प्रमुख मंशाराम साहू, दल सहायक कुलेश्वर बघेल, सुदामा निर्मलकर ने बताया कि गुरुवार शाम 7 बजे सिंगल दंतैल एमई-3 ने केरेगांव के जंगल में प्रवेश कर लिया है। सहायक परिक्षेत्र छुही के झुरातरई, छुही के कक्ष क्रमांक 118, 142, 143 में विचरण किया। फसल को हाथी ने नुकसान पहुंचाया है। हाथी विचरण क्षेत्र के आसपास गांव भालूचुवा, साल्हेभाठ, छुही, झुरातरई, सिरौदकला, पीपरछेड़ी, बासीखाई, जोगीडीह में मुनादी कर ग्रामीणों को सावधान किया गया है।

## आरएसएस का विजयादशमी महोत्सव 12 को



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 12 अक्टूबर को गौरव पथ बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में विजयादशमी उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा देवेंद्र नंदा समाजसेविका होंगी। विशेष अतिथि संघ के सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे। पथ संचलन दोपहर 3 बजे होगा। मंचीय कार्यक्रम शाम 4.05 बजे होगा। नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र ने सभी स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश के साथ दोपहर 2 बजे एकत्रीकरण होने का आग्रह किया है। दोपहर 2.30 बजे संचलन के लिए संपत करेंगे। श्री गजेंद्र ने बताया कि 6 अक्टूबर को प्रातः 6.30 बजे विजयादशमी उत्सव के लिए पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण एवं अभ्यास हुआ। 11 अक्टूबर तक नगर की समस्त शाखाओं में शाखा सह एकत्रीकरण किया जा रहा है। 11 को इंडोर स्टेडियम में नगर का एकत्रीकरण रखा गया है। विजयादशमी पर 12 अक्टूबर को सुबह अपनी-अपनी शाखा में शाखा सह शस्त्र पूजन किया जाएगा। दोपहर को इंडोर स्टेडियम में पूर्व निर्धारित विजयादशमी महोत्सव मनाया जायेगा।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी की प्रबंध समिति वर्ष 2024-27 के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नोडल अधिकारी सह डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम ने बताया कि सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार गणमान्य नागरिकों को प्रबंध समिति के गठन के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक, उपसंरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन जिला कार्यालय धमतरी के सूचना पटल में 14 अक्टूबर को किया जाएगा। किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो वह 18 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मोटरसाइकिल व मोबाइल के लालच में की युवक की हत्या

- हाथ पैर को बांधकर नहर पानी में डुबाया, सबूत मिटाने की थी भरपूर कोशिश



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सिर्री पुल में मिले युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस चौकी बिरेझर एवं साइबर टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मृतक के हाथ को पीछे से व दोनों पैर को बांधकर नहर पानी में डुबाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी द्वारा सबूत मिटाने की भी कोशिश की गई थी।

ग्राम सिर्री रोड बड़ी नहर के पानी में बुधवार की दोपहर ग्राम कण्डेल निवासी किशोर साहू पिता चंद्रहास साहू उम्र 22 वर्ष की लाश मिली थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। डॉक्टरी शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं उपलब्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर हत्या प्रतीत होने पर चौकी प्रभारी बिरेझर ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि विवेचना के दौरान मृतक के परिजन एवं मृतक के साथ दारू भट्टी गये दोस्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि ग्राम गागरा निवासी मुकेश साहू के साथ अंतिम बार मृतक को देखा गया था। मुकेश साहू को ग्राम गागरा से कस्टडी में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि भास्कर सार्वा एवं सूरज के दोस्त तीनों शराब लेने भट्टी चले गये। किशोर को अधिक शराब के नशे होने पर मुकेश वहीं रूका रहा। अंधेरा होने से किशोर को उसी की मोटरसाइकिल में बिठाकर गाड़ी चलाते हुए गागरा जाने के लिए निकला तो किशोर नशा अधिक होने के कारण गाड़ी से नीचे गिर गया। किशोर की नई मोटरसाइकिल और नए मोबाइल को देखकर उसे लालच आ गया। वे किशोर साहू को मोटरसाइकिल में पीछे बिठाकर दोनों हाथ को अपनी कमर के पीछे से मोटरसाइकिल की टंकी में रखकर हाथों को पैरों से दबाकर गाड़ी चलाते हुए मेन रोड से ग्राम छाती होते हुए ग्राम डांडेसरा गया। डांडेसरा से नहर में जाकर मोटरसाइकिल को खड़ा कर नहर किनारे पैरावट में ढंके काले कपड़े को निकालकर मोटरसाइकिल में पुनः किशोर साहू को बिठाकर नहर किनारे राजू ढाबा के पीछे ले जाकर कपड़े को फाड़कर किशोर के दोनों हाथ को पीछे से व दोनों पैर को बांधकर नहर पानी में डुबाकर हत्या कर दी। किशोर साहू के ओप्पो मोबाइल में लगे सीम, मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट, आईना को निकालकर नहर में फेंक दिया। उक्त मोबाइल को ग्राम छाती में बेचने की बात कही। रकम को खाने पीने में खर्च करना बताया। मोटरसाइकिल को उसने अपने घर में छिपाकर रखा था। आरोपी की निशानदेही पर ग्राम गागरा से मोटरसाइकिल एवं मोबाइल को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू पिता कुशाल राम साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम गागरा थाना अर्जुनी जिला धमतरी को धारा 103(1) 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

## पुलिस व प्रशासन ने ली शांति समिति के सदस्यों की बैठक

# रात्रि 11 बजे तक निकाली जा सकेगी विसर्जन झांकी, डीजे पर प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्योहारों को शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस व प्रशासन ने शांति समिति की बैठक ली, जिसमें शुक्रवार की शाम से रात्रि 11 बजे तक विसर्जन झांकी का समय निर्धारित किया गया है। वहीं डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

नवरात्रि पर दुर्गा झांकी एवं विसर्जन तथा आगामी दशहरा त्योहार को ध्यान में रखते हुए गुरूवार को जनसंवाद कक्ष में पुलिस व प्रशासन द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में बताया गया कि झांकी का रूट मार्ग मकई चौक से बिलाईमाता मंदिर है। रूद्री घाट में क्रेन से प्रतिमाओं का क्रेन से विसर्जन की व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा विसर्जन के लिए 2 दिन की व्यवस्था दी गई है। दुर्गा झांकी समिति द्वारा कुल 9 झांकी निकाले जाने की बात कही गई। वहीं 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक झांकी निकालने का समय निर्धारित है। प्रशासन द्वारा झांकी व विसर्जन की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई जाएगी। प्रतिमाओं का शुक्रवार की दोपहर 12 बजे से शनिवार की शाम 6 बजे तक विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जा रही है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने गाइडलाइन और नियमों के बारे में दुर्गा झांकी समितियों के सदस्यों को जानकारी दी। बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल व झांकी समिति के सदस्यों से सड़कों पर यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। पुलिस द्वारा तीन टीम बनाई गई है जिनकी तैनाती अलग-अलग स्थानों पर रहेगी। दुर्गा विसर्जन व दशहरा त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले के लोगों से दुर्गा झांकी व विसर्जन तथा दशहरा त्योहार को शांति व सौहार्द्र से मनाने की अपील की है।

बैठक में एसडीएम विभोर अग्रवाल, निगम उपायुक्त पीसी सार्वा, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, डीएसबी प्रभारी एसआई प्रेमप्रसाद उपाध्याय, झांकी समिति के सदस्य व विहिप जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पीयूष पारख, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, देवेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## अंचल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा


पुरूर(धमतरी)। जय भवानी दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक चिटौद


पुरूर(धमतरी)। दुर्गोत्सव समिति बालक चौक चिटौद


धमतरी। उत्कल दुर्गा उत्सव समिति रामकुण्ड उत्कल बस्ती


धमतरी। जय दुर्गा उत्सव समिति कल्लेमेटा

### रजत जयंती वर्ष पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों व मीडिया जगत का सम्मान

# कुरूद दशहरा महोत्सव सबको आकर्षित करता है : तारिणी

## सुनील तिवारी व राजेश अवस्थी कृत रंगारंग कार्यक्रम ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर दशहरा महोत्सव समिति कुरुद इस वर्ष अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इसे यादगार बनाने परम्परानुसार विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ साथ नगर व क्षेत्र के विकास में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों व मीडिया जगत से जुड़े लोगों को मंच पर आमंत्रित कर उनका सम्मान कर प्रतीकचिन्ह भेंट कर रहे हैं।

नवरात्रि की षष्ठी तिथि की रात्रि सुनील तिवारी नाइट्स कार्यक्रम हुआ जहां कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती रागिनी मिश्रा एसडीओपी कुरुद, विशिष्ट अतिथि सुश्री ज्योति सिंह नायब तहसीलदार, मंडी सचिव राजू रात्रे, बीरसीसीसी कुलेश्वर सिन्हा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मिश्रा ने कहा कि नगर की संस्कृति व परम्परा को सहेजने भानु चंद्राकर व दशहरा महोत्सव समिति के कार्य तारीफ के काबिल हैं। इससे युवा पीढ़ी को एक मंच मिल रहा है। निश्चित ही वे अपनी रजत जयंती मनाने के उद्देश्यों को पूरा कर रहे हैं।

सप्तमी तिथि की मुख्य अतिथि जिपं सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर ने कहा कि बस्तर दशहरा की ही तरह कुरुद नगर का दशहरा महोत्सव सबको आकर्षित करता है। नवरात्रि का पर्व मां आदि शक्ति के प्रति श्रद्धा भक्ति की सामूहिक अभिव्यक्ति का पर्व है। यह आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सहभागिता से पूरा हो रहा है। मां चंडी का आशीर्वाद सदा बना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष शारदा साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष जानसिंग यादव, नगर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया।

## चैतन्य झांकी में हो रहे मां दुर्गा के 9 रूप के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के चौथे दिन का शुभारंभ चन्द्रकुमार साहू, बीरेन्द्र साहू, हेमंत साहू, संजय साहू, रामदयाल साहू, लीलाराम कुर्रे, हरबंश साहू, देवेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, उत्तम केतवाणी, एनके, अनिल, शंकर साहू, कन्हैयालाल ने किया। झांकी के माध्यम से महिसासुर वध किया गया। चन्द्रकुमार, बीरेन्द्र ने बताया कि संस्थान की बहनें स्थिर होकर हमें मां दुर्गा के 9 रूपों का दर्शन करा रही हैं। यह योग और साधना से ही संभव है। कार्यक्रम का नगरवासियों ने लुत्फ उठाया।

## दुर्गा पंडाल में भजन, सेवा गीत की धूम


**मगरलोड**। नवरात्रि पर्व पर भक्त मां दुर्गा की आराधना में लीन हैं। रांकाडीह के दुर्गा पंडाल में प्रतिदिन अनेक धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। दूरस्थ अंचल की मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। माता की सेवा में पंडा उमाशंकर, धनेंद्र, धर्मेंद्र, प्रमोद, कुणाल, मिथिलेश, तीजू, लिमेश, सूरज, रंगोली, रेशमा, निक्की, अंजु, डिगेश्वरी, रोशनी समेत अनेक भक्त

## फुसेरा सरपंच के घर में 40 साल से जलाई जा रही मनोकामना ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शारदीय नवरात्रि पर ग्राम फुसेरा की सरपंच पूजा साहू ने अपने निवास स्थान में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है।

- देवी की प्रतिमा स्थापित कर 56 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया

पिछले 40 साल से क्वांर नवरात्रि पर माता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा की जा रही है। पंचमी पर माता का सोलह श्रृंगार किया गया। माता की सेवा में पंडा और ग्रामीण जुटे हुए हैं।

सरपंच पूजा साहू और जनपद सदस्य लोकेश साहू ने बताया कि पिछले 40 साल से उनके घर में माता की प्रतिमा स्थापित कर ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। ग्रामीण भी अपनी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने श्रद्धा के साथ उमड़ पड़ते हैं। इस बार उनके घर में 56 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है। बताया कि जिन दंपतियों को संतान की प्राप्ति नहीं होती है। वे नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करते हैं। उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। भक्तों में माता के प्रति अपार आस्था है। माता की सेवा में पंडा धर्मेंद्र कुमार, दुखू नेताम, शत्रुहन विश्वकर्मा, परमेश्वर नेताम, दानेंद्र साहू सहित परिवारजन जुटे हुए हैं।



## भखारा में इस बार 40 फीट रावण पुतले का होगा दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा में इस बार रामलीला मैदान में 40 फुट का रावण का दहन होगा। इसकी तैयारी पिछले आठ दिनों से नगर अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही है। मंचीय कार्यक्रम भठेली की राम मंडली द्वारा किया जाएगा। विजयादशमी का त्योहार शनिवार को मनाया जा रहा है। पुतला दहन रात्रि 7 बजे से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही भठेली बस्ती पंचायत के पदाधिकारी, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं भखारा बस्ती पंचायत के पदाधिकारी एवं नागरिकों का सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी रामगोपाल देवांगन पूर्व जनपद अध्यक्ष ने दी है।

## खबर संक्षेप



### रावनगुड़ा में झांकी कार्यक्रम आज

**सिर्री**। बाल समाज सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति रावनगुड़ा द्वारा दुर्गा नवमी पर 11 अक्टूबर को ग्राम देवरी भखारा का जय मां शीतला जस झांकी कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

### मुल्ले में खेल जंवारा महोत्सव 12 को

**जीजामगांव**। ग्राम मुल्ले में 12 अक्टूबर को खेल जंवारा महोत्सव का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 50 वर्ष से गांव में यह आयोजन हो रहा है। शाम को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## जल जगार महोत्सव में टूरिस्ट गाइड को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश एवं जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत लाईवलीहुड कालेज द्वारा जिले के पर्यटन क्षेत्र नगरी विकासखंड के नरहरा के नरहरा जलप्रपात प्रबंधन समिति कोटरवाही जबर्रा के ईको टूरिज्म जबर्रा हीलर्स, धमतरी विकासखंड के गंगरेल के संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य नरेन्द्र नेताम, योगिता टेमरे, विनीता ध्रुव, पल्लवी यादव, जशवंत सिंह, खिलेश्वरी ढीमर, अनीषा यादव, लीना ध्रुव, प्रहलाद यादव, मोनिका यादव, सेवन कुमार, उत्तम कुमार, अर्जुन, सफ, अमित, ग्यानेन्द्र, चूड़ामणि, माधव सिंह, मनोज सूर्यवंशी, शत्रुघन नेताम, ओमप्रकाश राजकुमार नेताम, पूरनलाल, राकेश यादव, जमालाल, संतोष यादव, समारूराम को आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत टूरिस्ट गाईड का 15 दिवसीय प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज में दिया गया। बीते दिनों धमतरी जिले के गंगरेल बांध परिसर मे आयोजित जल जगार महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इन सभी को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उपस्वास्थ्य केंद्रों में नर्सिंग कर्मचारी कर रहे डाटा एंट्री कार्य

- स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य संचालक के नाम पत्र लिखकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

जिले के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक से ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संवर्ग के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य संचालक के नाम पत्र लिखकर विरोध जताया।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की जिला अध्यक्ष श्रीमती रामशीला साहू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण, प्रसव, ओपीडी सेवा, पल्स पोलियो कार्यक्रम, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाता है किंतु विभाग द्वारा मूल कार्य के अतिरिक्त अन्य संवर्ग के डाटा एंट्री कार्य लिया जा रहा है।

जिला महामंत्री गजरतन साहू ने बताया कि सभी नर्सिंग क्लिनिकल कार्य के लिए प्रशिक्षित हैं। जनता को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करते हैं किंतु विभाग द्वारा अन्य संवर्ग का कार्य लिया जा रहा है। इससे मूल कार्य प्रभावित हो रहा है।

जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजु साहू ने बताया कि कर्मचारियों के भर्ती नियम एवं नियुक्ति अनुसार किसी भी प्रकार का ऑनलाइन डाटा एंट्री करने संबंधी तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान नहीं मंगाया गया था। वर्तमान में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए रिकॉर्ड रजिस्टर मेंटेन के साथ भी स्वास्थ्य कार्ड को ऑनलाइन डाटा एंट्री करने आवश्यक दबाव बनाया जा रहा है। कर्मचारी अपने कार्यालय समय में स्वास्थ्य सेवाएं देने के पश्चात निजी समय में कंप्यूटर ऑपरेटर की सहायता से स्वयं के पैसे से डाटा एंट्री का कार्य करवा रहे हैं। यह कार्य करते रात हो जाता है। इससे वे परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। अतिरिक्त गैर प्रशिक्षित कार्य से कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### 22 अक्टूबर से ऑनलाइन कार्य बंद कर मूल कार्य करेंगे

जिला उपाध्यक्ष भरत साहू ने बताया कि ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य के लिए पीएडीसीए कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की गई है। इनके द्वारा समस्त ऑनलाइन डाटाएंट्री का कार्य लिया जाता था, किंतु वर्तमान में नर्सिंग संवर्ग से प्रशिक्षित कर्मचारियों से ऑनलाइन कार्य कराया जा रहा है। इससे नाराज स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों ने जिले के सीएमएचओ डॉ यूएल कौशिक के माध्यम से एवं प्रांतीय टीम ने संचालक एवं मुख्य सचिव मिशन संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा। समस्या का समाधान नहीं होने पर उनके द्वारा ऑनलाइन कार्य 22 अक्टूबर से बंद कर केवल अपने मूल कार्य स्वास्थ्य सेवाएं जारी रखी जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक की मौत

*कांकेर। ताड़ोकी थानांतर्गत मृतक विकेश कुमार दुग्गा कोयेपारा भैसासूर से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 8551 में सवार होकर निकला था। शाम करीबन साढ़े 7 बजे आमाकड़ा के पास पहुंचा था कि वाहन अनियंत्रित होकर रोड किनारे सागौन पेड़ से टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिससे सिर में गम्भीर चोटें आई थीं। घायल को ईलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले जा रहे थे तभी रस्ते में उसकी मौत हो गई। वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।*

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202407130700037**
विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:- 2023-2024
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - संतोष कुमार,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता मोतीलाल सतनामी निवासी जोधापुर वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी, द्वारा ग्राम जोधापुर वार्ड धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धमतरी तह. व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 622 प्लाट न 90 रकबा 485 व.फु. भगैया बाई बेवा डोमारसिंह सतनामी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भगैया बाई बेवा डोमारसिंह सतनामी द्वारा अपने जीवन काल में ही दिनांक 09-05-2005 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित कर आवेदक वसी नियुक्त किया गया। भगैया बाई बेवा डोमारसिंह सतनामी की मृत्यु दिनांक 02/10/2015 को हो गई है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में मृतक का विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 21/10/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2024 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
तहसीलदार, तहसील धमतरी

### राजपुर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

# मित्र हो तो सुदामा जैसे : गोवर्धन शरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम राजपुर में यशवंत साहू परिवार द्वारा शारदीय नवरात्रि पर श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन 3 से 10 अक्टूबर तक बाजार चौक में आयोजित किया गया। श्रीमद् भागवत कथा संत सिया गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम कुटेना (पांडुका) के सानिध्य में हुई। कथा के अंतिम दिवस संत सिया गोवर्धन शरण व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। कहा कि सच्चे मित्र सुदामा जैसे होने चाहिए। मित्र ऐसे हो जो सुख दुख में साथ दें। जीवन में सत्संग करना जरूरी है। सही मार्ग पर चलकर अपने जीवन का उद्धार करना चाहिए। सनातन धर्म, संस्कृति को अपनाना चाहिए। तुलसी वर्षा के बाद शोभायात्रा निकाल कर भागवत कथा पुराण का समापन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### तुमगांव शराब दुकान से बाइक चोरी

**महासमुंद**। तुमगांव के शराब दुकान से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी सौरभ चंद्राकर पिता सुभाष चंद्राकर (31 वर्ष) वार्ड नं 14 बस स्टैंड के सामने लालवानी गली महासमुंद ने बताया कि वह करणी कृपा प्लांट में 8 अक्टूबर को मोटर सायकल बजाज प्लेटीना सीजी 06 जीजी 4145 से काम करने गया था। बाइक को प्लांट में काम करने वाला ओंकार गोस्वामी मांग कर शराब दुकान तुमगांव आया था, जहां से वाहन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। बागबाहरा थाना पुलिस ने ग्राम सोनापुटी चौक के पास बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्रार्थी चंद्रशेखर धीवर ने पुलिस को बताया है कि सोमवार के दिन मेरे बड़े भैया मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएम-9724 से मनबाय से खोपली पड़ाव जा रहे थे। ग्राम सोनापुटी चौक के पास पहुंचने पर बागबाहरा की ओर से आ रहे प्लेटिना के चालक अरूण गोड़ द्वारा अपने वाहन तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### डिप्टी कलेक्टर शुभम देव नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद**। जिला मुख्यालय स्थित पुराना शासकीय महाविद्यालय भवन परिसर मिनी स्टेडियम में संचालित नवकिरण अकादमी के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने डिप्टी कलेक्टर शुभम देव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य भोरिंग द्वितीय



**महासमुंद**। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 73 एकलव्य विद्यालयों का संचालन किया जाता है, प्रतिवर्ष एकलव्य विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर किया जाता है, इसी कार्यक्रम के अनुसार पूरे राज्य के बच्चो को दो संभाग में विभाजित कर प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। जिसमें जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, बैडमिंटन, भाला फेंक, गोला फेंक जैसे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसमें जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के बच्चों ने 23 गोल्ड, 20 सिल्वर, और 5 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय की उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने हर्ष जताया है।

## निधन

### माला देवी वाधवानी



**धमतरी**। अशोक कुमार वाधवानी की धर्मपत्नी श्रीमती माला देवी वाधवानी का निधन हो गया। वे कांग्रेस कार्यकर्ता गौतम वाधवानी की मां थीं।

### निशा शिंदे



**धमतरी**। मराठापारा निवासी श्रीमती निशा शिंदे पति नरेंद्र शिंदे का गुरूवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह आदित्य शिंदे की मां थीं। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे शांति घाट में किया गया।

विरोध में उतरे कर्मचारियों ने 22 से आनलाइन कार्य बंद कर मूल कार्य करने की दी चेतावनी

# स्वास्थ्य संयोजकों से लिया जा रहा डाटा एंट्री का काम, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रदेश के 5200 उपस्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों से आनलाइन डाटा एंट्री कार्य करवाया जा रहा है। इसके विरोध में अब पूरे प्रदेश में एक स्वर में उठने लगा है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी ने ब्लॉक के बीएमओ के माध्यम से एवं प्रांत टीम द्वारा संचालक एवं मुख्य सचिव, मिशन संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। समस्याओं का समाधान नहीं होने की स्थिति में आनलाइन कार्य 22 से बंद कर अपने मूल कार्य करेंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि वह नर्सिंग, क्लिनिकल कार्य के लिए प्रशिक्षित हैं। जनता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का कार्य करते हैं, किंतु विभाग द्वारा अन्य संवर्ग का कार्य लिए जाने से मूल कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष तरुण साहू ने बताया कि स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारियों के भर्ती नियम एवं नियुक्ति अनुसार आनलाइन डाटा एंट्री करने संबंधी तकनीकी कम्प्यूटर ज्ञान नहीं मांगा गया है और न ही इस तरह का कार्य पूर्व में लिया जाता था। वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ रिकार्ड, रजिस्टर मेंटेन करने के बाद, सभी रिकार्ड को आनलाइन डाटा एंट्री करने का अनावश्यक दबाव भी स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों पर उच्चाधिकारियों द्वारा डाला जाता है। शाम व रात को कम्प्यूटर आपरेटर की सहायता से स्वयं के व्यय से डाटा एंट्री का कार्य किसी और से करवा रहे हैं। नीरेन्द्र साहू, नरेंद्र नेताम, देवनारायण साहू, प्रदीप टंडन, एचके साहू ने बताया कि



यह कार्य शाम व रात को होने की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं, जिसकी वजह से सभी कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में आनलाइन डाटा एंट्री कार्य के लिए कंप्यूटर आपरेटर की भर्ती की गई है।

# माता की चुनरी यात्रा में शामिल हुए श्रध्दालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शांति नगर दुर्गा उत्सव समिति कुरुद द्वारा माता की चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें भक्तगण उत्साह से शामिल हुए। यात्रा कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार और थाना चौक होते हुए मां चंडी प्रांगण पहुंची। कारगिल चौक पर माता दुर्गा की मूर्ति की पूजा-अर्चना के बाद माता को विशाल रथ में विराजित किया गया। इस दौरान माता काली स्वरूप की झांकी के साथ अखाड़ा समितियों ने मनोरंजन का अद्भुत प्रदर्शन किया।

श्रद्धालुओं ने पुजारी जितेंद्र नाथ योगी को चुनरी भेंट किया और प्रार्थना की कि कुरूद नगर के युवा नशे से दूर रहकर भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ें। इस उत्सव ने क्षेत्र में शांति, भाईचारे और खुशहाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया। समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सपना नंद, राधिका नाग, लता साहू, रेणुका चंद्राकर, किरण देवांगन, दया सिन्हा, बानो रेड्डी, वर्षा रेड्डी, वेदिका देवांगन, अंगेश्वर सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, इंदल ढीमर, चोवा राम साहू, टेनू राम सिन्हा, कृष्णा देवांगन, राज देवांगन, भारत ठाकुर, बिल्लू निर्मलकर, लव सिन्हा ,मुकेश सिन्हा, ललित रेड्डी, लक्की देवांगन, आशु देवांगन, अज्जू देवांगन, गोविंद झा, सुनील, सुरेंद्र निर्मलकर, पप्पू साहू, गेंदलाल पदमवार, चिंटू धीमर, गुलाब यादव, रोशनी, खोमन लाल चंद्राकर, डेविड उपस्थित थे।

## छाती हाईस्कूल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

स्व. भूपालमणि यादव शाउमा विद्यालय छाती में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा व अध्यक्ष गंगरेल मंडल भाजपा उमेश साहू शामिल हुए। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता एवं जल संरक्षण के महत्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प किया।

इस आयोजन में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर व समिति के सदस्यों ने अपना योगदान दिया। अध्यक्षता बीआर साहू ने की। प्रबंधन समिति ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंबालिका साहू ने किया। मौके पर संतोष चंद्राकर समेत अन्य मौजूद रहे।

## बनियापारा के दुर्गा पंडाल में हुआ महाष्टमी हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

क्वांर नवरात्रि पर इस वर्ष भी शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति बनियापारा एवं वार्डवासियों के सहयोग से भव्य पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। भक्तों द्वारा प्रतिदिन पूजा-अर्चना, माता सेवा का आयोजन किया जा रहा है।

पंचमी पर मां दुर्गा की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया गया। महाष्टमी पर दोपहर 2.30 बजे हवन का आयोजन किया जिसमें भक्तों ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर



पर समिति के सदस्यगण व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## उमरगांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने उमड़े ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के छठवें दिन शिवानंद मंडली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान विशिष्ट नारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद पंचायत अध्यक्ष थीं। अध्यक्षता बबीता साहू पंच ने की। विशेष अतिथि श्रीमती चन्द्रकला पुजारी शिक्षिका, जयश्री कश्यप शिक्षिका, पूजा सूर्यवंशी, अम्बिका सेन, आरती सेन, रुपेश्वरी सेन, बिमला ध्रुव, सुमित्रा रात्रे, उमादेवी नेताम उपस्थित थी।

### राजपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का स्वागत

**मगरलोड**। राज्य सरकार ने धमतरी जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरू राम निषाद को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया। 7 अक्टूबर को ग्राम राजपुर में जिला निषाद समाज के कोषाध्यक्ष शंभू निषाद के निवास में उनका आगमन हुआ। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ, श्रीफल व साल भेंटकर सम्मान किया गया।

## रास गरबा डांडिया महोत्सव में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नवरात्रि पर रामलीला मैदान भखारा में रास गरबा परिवार के संरक्षक एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण में रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। नगर सहित अंचल के प्रतिभागी इस महोत्सव में अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। आयोजक समिति द्वारा प्रत्येक दिवस अलग-अलग अतिथियों का सम्मान किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को रास गरबा डांडिया महोत्सव द्वारा भखारा प्रेस क्लब के संरक्षक मोहम्मद रशीद, अध्यक्ष थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष राजेश रात्रे, सचिव युगलकिशोर साहू, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, सहसचिव सूरज सिन्हा, सदस्य प्रीतम टण्डन, नितेश मानिकपुरी, दिग्विजयसिंह को गुलदस्ता, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रास गरबा डांडिया महोत्सव के संयोजक अभिषेकराव शिंदे, लोकेश्वरी सोन, उषा साहू, उपमा तिवारी, भारती साहू, सविता देवांगन, भारती सेंद्रे, कामिनी साहू, सुशीला निर्मलकर, ममता चंद्राकर, माधुरी डड़सेना, अंजु चौहान, दीपिका, कोयल साहू, फूलबासन साहू, अंजलि जैन, पूजा साहू, प्रकृति सोन, लक्ष्मी निर्मलकर, हिना गोस्वामी, दीवान मैडम, सुनीति किरण, गोमती साहू, सुधीर साहू, प्रतीक तिवारी, धनेन्द्र साहू, विक्कू साहू, शशांक साहू उपस्थित थे।

## धान खरीदी में देरी भाजपा सरकार की नाकामी : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी तब धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू हो जाती थी। इससे किसान फसलों के रखरखाव, बेमौसम बरसात के कारण फसल बर्बादी के संकट व आर्थिक जोखिम से बच जाते थे। किसानों को धान बेचते ही तुरंत पैसा मिल जाता था। मगर आज किसान विरोधी भाजपा सरकार के आने से धान खरीदी के समय को 1 नवंबर से बढ़ाकर 15 नवंबर कर दिया गया है। यह किसानों के लिए चिंता का विषय है। आगामी एक हफ्ते में किसानों की फसल कटनी शुरु हो जायेगी। आगे कहा कि 1 नवंबर को धान की खरीदी न कर पाना भाजपा सरकार की नाकामी है। 15 नवम्बर से धान खरीदी होगी तो सोसाइटी में धान की आवक बढ़ जायेगी जिससे किसानो को धान बेचने के लिये लम्बे दिनों का इंतजार करना पड़ेगा। किसानों को टोकन के लिए इंतजार करना पड़ेगा। आगे कहा कि भाजपा सरकार धान खरीदी के लिए पुनः 37 हजार करोड़ का लोन लेने की तैयारी कर रही है जो छत्तीसगढ़ की बर्बादी का कारण बनेगा। विधायक साहू ने विष्णुदेव सरकार से प्रश्न किया कि क्या उसकी सरकार के पास केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए विशेष पैकेज की मांग करने की क्षमता नहीं है। क्या विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ को सिर्फ कर्जे में डुबाने के बारे में सोच रही है।

### जल जगार महोत्सव में पंथी नृत्य ने बटोरी तालियां

**अंवरी**। जिले में दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का आयोजन गंगरेल में किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। जल जगार उत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृतियों की सतरंगी छटा ने दर्शकों को खूब लुभाया। सतनामी समाज की बालिकाओं ने संत गुरु घासीदास की जीवनी और उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को दर्शकों के बीच पंथी गीत के माध्यम से रखा। लोगों ने इसे खूब सराहा।

## झंकार गरबा में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

- गरबा पंडाल के भीतर आते ही दैवीय शक्ति का संचार होता है : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नवरात्रि पर्व पर गुलमोहर वाटिका में झंकार गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है, जहां रोज रात्रि में गरबा का प्रदर्शन विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षक दीपक लखोटिया और समाजसेवी सरिता दोशी हैं।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया। अपने उद्बोधन में श्री ठाकुर ने कहा कि गरबा पंडाल के भीतर आते ही एक दैवीय शक्ति का संचार होता है। युवाओं द्वारा बिना रुके बिना थके पूरे जुनून के साथ घण्टों तक नृत्य किया जाता है। यह हर मनुष्य के लिए सम्भव नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि पुरुष रूप में साक्षात नटराज और स्त्री स्वरूप में साक्षात आदिशक्ति जगदम्बा माता पंडाल पर नृत्य कर रहे हैं। समूचे क्षेत्र में सनातन की ऊर्जा का संचार हो रहा है। खूबसूरत नृत्य के साथ मनमोहक परिधान में भारतीय संस्कृति की झलक दिखने को मिल रही है। कार्यक्रम में उषा ठाकुर, विशाल ठाकुर, गोपाल साहू, गौरव जैन, जतिन देवांगन, लक्ष्मीकांत सोनी, अविनाश दुबे, चित्रेश, सत्यम समेत अनेक उपस्थित थे।





# घर से कचरा निकाल गीत पर बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल बांध में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए जल जगार का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने भी गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल गाने पर नृत्य की प्रस्तुति दी। एक व्हीलचेयर को कचरा गाड़ी के रूप में सूखा और गीला कचरा का डिजाइन करके तैयार किया गया था। बच्चों ने झाड़ू, सुपली, डस्टबिन आदि सफाई करने के प्रॉप्स लेकर सड़क पर कचरा गाड़ी के साथ गोल घेरे में घूम-घूमकर घर से कचरा निकाल गीत पर स्वच्छता और जल बचाने का संदेश दिया। डांस प्रशिक्षिका श्रीमती स्वीटी सोनी एवं संगीत प्रशिक्षिका





देविका दीवान ने बताया कि वे स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को व्यवहारिक रूप से अपनी तथा घर एवं आस पास की सफाई तथा पानी को किफायत से उपयोग करने के लिए जागरूक करते रहते हैं। यही कारण है कि कम प्रैक्टिस के बावजूद बच्चे गाने के बोल और उद्देश्य को अच्छी तरह समझ गए। सार्थक स्कूल द्वारा नवरात्रि आनंद मेले में तिरंगा बैज, मनमोहक लिफाफे और खाद्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम में स्कूल की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती प्रभा रावत, अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी, सचिव स्नेहा राठौड़, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, मुकेश चौधरी, देविका दीवान, स्वीटी सोनी, सुनैना गोड़े एवं पालक सखीना बाघमारे, नम्रता बाघमारे ने सहभागिता दी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रम 5 नवम्बर को

**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को राज्योत्सव एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम आयोजन के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपा गया है, जिसमें जिला पंचायत, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, आदिवासी विभाग, स्कूल शिक्षा, जनसम्पर्क विभाग, जिला खनिज, खाद्य, मुख्य नगरपालिका एवं अन्य संबंधित विभाग प्रमुख शामिल हैं।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत संजयपारा निवासी आगी मंडावी ने 7 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी अमन मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मेहमान युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लखनपुरी में अपने रिश्तेदार के घर मेहमान के रूप में आए धमतरी जिला के हीरा गांडाडीह निवासी सुशील निषाद का स्वास्थ्य खराब होने से मौत हो गया। हीरा गांडाडीह निवासी महेश निषाद ने पुलिस को बताया कि सुशीलअपने परिवार के साथ 7 अक्टूबर को लखनपुरी आया था। दो दिन बाद 9 अक्टूबर को अचानक उल्टी होने लगा और व बेहोश हो गया। ईलाज के लिए संजीवनी 108 की मदद से चारामा अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसका मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डाक्टर्स काली पट्टी बांधकर जूनियरों को दे रहे समर्थन

**जगदलपुर।** कलकत्ता के मेडिकल कालेज में 2 माह पहले पढ़ने वाली सेकंड ईयर की छात्रा के साथ रेप करने के साथ ही उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना से देश में एक बार फिर से अनाचारियों के खिलाफ लोगों ने आवाज उठाई। मामले की जांच करने के साथ ही निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने की बात कही गई, लेकिन मामले को 2 माह होने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई भी बड़ी कार्यवाही नही होने के कारण कोलकाता के डॉक्टर भूख हड़ताल में बैठकर न्याय की गुहार लगा रहे है। वही इस मामले में एक बार फिर से न्याय के लिए चल रहे अभियान को देखते हुए डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के यूडीएफए ने भी अपना समर्थन देते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे है और जूनियर डॉक्टर्स को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

### नरहरपुर में सट्टा लिखने वाले सटोरियों को दबोचा

**कांकेर।** नरहरपुर में सट्टा का खेल जोरों पर चल रहा है। कई लोग इस खेल में पूरी तरह से लिप्त है। सट्टा के अलावा नरहरपुर थाना से 200 मीटर की दूरी पर एक ढाबा में खुले आम शराब भी परोसी जा रही है। नरहरपुर पुलिस को एक सटोरिया को दबोचने में सफलता मिली है, परंतु खुले आम शराब परोसने वाला पुलिस की पकड़ से दूर है। जानकारी के अनुसान नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की नरहरपुर के भट्टी चौक में एक युवक अधिक पैसा मिलने का लालच देकर विभिन्न अंकों का पट्टी लिखकर सट्टा खिला रहा है। नरहरपुर पुलिस ने खबर की तस्दीक करने के उपरांत बताए गए स्थल की घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को अपने कब्जे में लिया और नाम पूछने अपना नाम प्रदीप साहू पिता जयप्रकाश साहू उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 नरहरपुर का होना बताया। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर पकड़ाए युवक ने अंको का सट्टा पट्टी लिखकर जुआ खिलाने की बात को स्वीकार किया।

---

अलग-अलग घटनाओं में दो छात्रों की मौत

# पबजी खेलने से मना करने पर दसवीं के छात्र ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पिता द्वारा मोबाइल गेम पबजी खेलने से मना करने पर गुस्साए कक्षा 10 वीं के छात्र ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है। वहीं दूसरी घटना में कक्षा 9वीं के छात्र ने अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है।

अस्पताल चौकी पुलिस व परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम गुहाननाला निवासी लोकनाथ सोरी पिता ललेश उम्र 16 वर्ष कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रहा था। छात्र मोबाइनल चलाने का आदी था। मोबाइल पर दिनभर पबजी गेम खेलता था। मोबाइल की लत के कारण छात्र पढ़ाई-लिखाई में ध्यान



नहीं देता था। रोजाना की तरह छात्र बुधवार को घर में मोबाइल पर पबजी गेम खेलने में लगा हुआ था, जिसे देख पिता ललेश सोरी ने छात्र को मना किया।

मोबाइल पर गेम खेलने से मना करने से नाराज छात्र खेत की तरफ चला गया। यहां छात्र ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद छात्र वापस घर पहुंच उल्टी करने लगा। परिजनों द्वारा उल्टी करने का कारण पूछने पर छात्र ने कुछ नहीं बताया। उसके मुंह से जहरीली दुर्गन्ध आ रही थी। परिजनों ने छात्र को उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया। गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर के रिफर करने पर संजीवनी 108 की मदद से छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह 3 बजे छात्र की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

### 9वीं के छात्र ने बाथरूम में लगाई फांसी



पाटन क्षेत्र निवासी यश मानकुर पिता भीषम उम्र 15 वर्ष अपने ममेरे भाई संजीत भीमराज पिता पवन विंध्यवासिनी वार्ड निवासी के घर में रहकर स्कूल में कक्षा 9वीं की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार को सुबह संजीत अपने दादा-दादी व भाभी के साथ बैंक काम से गए थे। इस दौरान छात्र घर पर अकेला था। दोपहर में जब सभी लोग वापस घर पहुंचे तो हॉल का दरवाजा खुला मिला। बाथरूम का दरवाजा भीतर से बंद था। बाथरूम में नल चल रहा था। काफी आवाज लगाने के बाद भी भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। जवाब नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा को धक्का देकर खोला। भीतर छात्र यश छत पर लगे लोहे हुक में चुनरी के फंदे पर लटका हुआ था, जिसे उतारकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह 3 बजे छात्र की मौत हो गई। ममेरे भाई संजीत ने छात्र के फांसी लगाने के कारण के संबंध में अनभिज्ञता जताई। फिलहाल छात्र के फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। चौकी पुलिस ने शाम तक शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने शव को रात भर मर्च्यूरी में शव को सुरक्षित रखा था। परिजन गुरूवार की सुबह शव को अंतिम संस्कार के लिए मर्च्यूरी से मृतक के गांव पाटन क्षेत्र ले गए।

# निर्विरोध चुने गए सिन्हा समाज के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला सिन्हा समाज के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन सिन्हा समाज भवन धमतरी में हुआ। 9 पद के लिए 19 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। समाज के वरिष्ठजनों ने सभी प्रत्याशियों के मध्य समन्वय कराकर सभी पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ कर दिया।

जिला अध्यक्ष चंद्रहास सिन्हा, जिला मंत्री गणराज सिन्हा एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी सिन्हा, श्रीमती नंदनी सिन्हा सचिव, श्रीमती सुलोचना सिन्हा कोषाध्यक्ष निर्विरोध हुई। युवा अध्यक्ष सीतेश सिन्हा, सचिव मुरली सिन्हा, कोषाध्यक्ष यशवंत गजेंद्र निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर प्रदेश निर्वाचन अधिकारी सेवकराम सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी तामेश्वर सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष कालीदास सिन्हा, मंडलेश्वर गण संतोष सिन्हा, हिरेश्वर सिन्हा, नरेश सिन्हा, पन्नालाल सिन्हा, हुमेंद्र गजेंद्र, पूर्व प्रदेश महामंत्री अभिमन्यु सिन्हा, शशिकांत सिन्हा, गीता सिन्हा, देवकरण गजेंद्र, हेमशंकर सिन्हा, मोहन सिन्हा, दुलार सिन्हा, रामसेवक सिन्हा उपस्थित थे।

# दुर्गा, काली, सरस्वती, शेर बनकर बच्चों ने बटोरी तालियां



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिंद्रा नवागांव में नवरात्रि पर गरबा का आयोजन हुआ। बच्चों ने खूब डांडिया किया। प्रधानपाठिका ममता खालसा ने बताया कि हर वर्ष अष्टमी एवं दशहरा में स्कूल की छुट्टियां होती थीं, परन्तु इस वर्ष 7 से 12 तारीख तक छुट्टी होने के कारण बच्चों को शनिवार को ही गरबा कराया गया। यह सामाजिक, धार्मिक संस्कृति की प्रथा है। दशहरा का रावण वध भी किया गया। बच्चों ने फेंसी ड्रेस में भाग लिया। मां दुर्गा, काली, सरस्वती, शेर, बनकर खूब तालियां बटोरी। बच्चों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण, राक्षस, विभीषण बनकर रामलीला का मंचन किया। मौके पर माध्यमिक शाला से गौरी गुप्ता, उमेश्वरी साहू, विद्या सोनी, हेमलता साहू, प्रतिभा साहू, गायत्री साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# मधुमक्खियों के डर से बदला तनावमुक्त कार्यक्रम का स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। डर के मारे सभी कर्मचारी वहां से भाग गए। बाद में यह कार्यक्रम कलेक्टोरेट परिसर में हुआ, जहां पर योग, मेडिटेशन आदि के जरिए लोगों को तन, मन से स्वस्थ रहने के लिए टिप्स दिए गए।

बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने खुले स्थान में तनावमुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर चालू ही हुआ था कि वहां पर मधुमक्खियां उड़ने लगी। बड़ी तादाद



में मधुमक्खियों को देखकर कर्मचारी वहां से भाग निकले। इसके बाद यह शिविर कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि तनावमुक्ति और मन की शांति के लिए ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए। काम के दौरान हमें कई बार तनाव झेलना पड़ता है। इस तनाव को हमें अन्य साथियों के साथ बांटना चाहिए। इससे तनाव कम होता है।

# मोटवानी ने विदेशों में बसे शहर के नागरिकों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**धमतरी।** भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। गांव एवं वार्ड स्तर से लेकर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के नेता अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं । धमतरी नगर मंडल के सदस्यता प्रभारी व आमापारा पार्षद विजय मोटवानी ने पूरे 40 वार्ड में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी महेंद्र पंडित, मंडल अध्यक्ष विजय साहू महामंत्रीद्वय नीलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा के सहयोग से अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं। श्री मोटवानी ने विदेशों में बसे शहर के नागरिकों को भी भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी के प्रति दिये



कार्य को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। श्री मोटवानी ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना सनातन धर्म के पवित्र यज्ञ में आहुति के समान है। देश का हर जिम्मेदार नागरिक पार्टी से जुड़कर सदस्यता ग्रहण करते हुए अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। श्री मोटवानी ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि 15 तारीख तक हर हाल में पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करें।

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक से आमदी में जश्न मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

हरियाणा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर आमदी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व का नतीजा बताया।

मौके पर नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमंत माला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और भाजपा की नीतियां देश की जनता के बीच गहरी पकड़ बना चुकी हैं। यह जीत केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में भाजपा के प्रति



बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भी हम भाजपा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हरियाणा की जीत ने हमें नई ऊर्जा और जोश प्रदान किया है। आमदी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाच-गाकर अपनी खुशी जाहिर की। मिठाई का वितरण किया।

इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष तेजराम साहू, किशोर कुम्भकार, प्रेम साहू, उमानंद कुम्भकार, कोमल यादव, ज्ञानेश्वर साहू, असरु, प्रेमशंकर, टीकाराम, केशकुमार, सुरेश, जागेश्वर, उमेश, दीनू गेडम, राधेश्याम, बेनी, श्रवण, नारायण, विष्णु, भूषण, तरुण उपस्थित थे।

# वनांचल के लोगों को नहीं मिलती 108 व 102 एंबुलेंस की सुविधा

- सदस्यता अभियान पर रिसगांव पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री को ग्रामीणों ने सुनाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सदस्यता अभियान पर गुरुवार को ग्राम पंचायत रिसगांव पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने लोगों से मुलाकात की। आमाबहार के रंगमंच में ग्रामवासियों से लोगों की समस्याओं को जाना। कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान व क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, पूर्व विधायक पिंकी



शाह, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी नागेंद्र शुक्ला, रवि दुबे, हृदय साहू मौजूद थे। इस दौरान रिसगांव, आमाबहार, करही के ग्रामीणों ने भाजपा महामंत्री को गांव की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया। बताया कि गांव के स्कूल में शिक्षक की कमी है। ग्रामीणों को 108 व 102 एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलती। रोड, पुल पुलिया की मांग की।

श्री रोहरा ने उच्च अधिकारी से दूरभाष में संपर्क कर गांव की समस्या का निदान करने के लिए निर्देशित किया। मंत्रियों से बात कर दो-चार दिन में 108 उपलब्ध करा देने की बात कही। कार्यकम में जिला महामंत्री कमल डागा, अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी दिनेश्वरी नेताम, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी विकल गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा अजजा प्रकोष्ठ महेन्द्र नेताम, महामंत्री भाजपा मंडल बेलरगांव मनोहर मानिकपुरी, अध्यक्ष भाजपा मंडल नगरी मोहन नाहटा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी हुमित लिमजा, गोपी कश्यप, जितेंद्र, तुलसी साहू, सरपंच रिसगांव ममता अग्रवाणी, सरपंच करही रमशीला बाई सोरी, योगेश अग्रवाणी, शत्रुघन सोरी, उदय प्रजापति, दीनदयाल मरकाम, कैलाश मरकाम, देवनारायण पटेल सहित ग्राम जोरातराई, रिसगांव, आमाबहार, गादुलबाहरा, उजरावन, मांदागिरी के ग्रामीण उपस्थित थे।

# पंजीकृत किसानों की प्रविष्टि का मिलान करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान, मक्का फसल की खरीदी की जानी है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के प्रारंभ होने के पूर्व ग्रामवार, बी-1 पाठन, पंजीकृत किसानों की प्रविष्टि का मिलान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के सुचारू संपादन के लिए बिन्दुओं का पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत संबंधित हल्का पटवारी द्वारा ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी कर ग्रामवार बी-1 पाठन किया



जाएगा एवं मृत खातेदारों की पहचान कर संबंधित मृत खातेधारकों के विधिक पक्षकार को फौती नामांतरण प्रक्रिया की जानकारी दी जानी है। 18 अक्टूबर तक ग्रामवार बी-1 पाठन कर पंचनामा तैयार कर संबंधित तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

पंजीकृत किसानों का बी-1 में प्रविष्टि का किसान किताब की प्रतिष्टि से मिलान, राजस्व न्यायालयों में लंबित अविवादित फौती नामांतरण के प्रकरणों का यथासंगत निराकरण किया जाना है। खरीफ गिरदावरी उपरांत परिशिष्ट 1 में तैयार की गई ग्रामवार, कृषकवार जानकारी का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा-आपत्ति आहूत कर 15 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति निराकरण करने और 20 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति निराकरण के बाद खसरा पंचशाला एवं सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि करना होगा। यह ध्यान रहे कि वर्तमान में पड़त भूमि में किसी भी प्रकार से फसल की प्रविष्टि न हों एवं किसानों द्वारा अपने खाते की भूमि में धान के अलावा बोये गये अन्य फसलों, रोपित वृक्षों की भूमि, कृषि भिन्न प्रयोजन के लिए प्रयुक्त भूमि, भू-अर्जन की भूमि में किसी भी स्थिति में धान फसल की प्रविष्टि न हो। वन ग्राम से घोषित राजस्व ग्रामों के भूमिधारकों के वनाधिकार किसान किताब की प्रविष्टियों का अभलेख अनुसार दुरूस्त किया जाना है। ऐसे वन से घोषित राजस्व ग्राम, जिसका राजस्व सर्वेक्षण संपन्न किया जा चुका है, के किसानों के वितरण की प्रविष्टि भुईयां व भू-नक्शा सॉफ्टवेयर में अनिवर्य रूप से करने कहा गया है, ताकि धान खरीदी के समय अनावश्यक परेशानी उत्पन्न न हो।

# वन्य प्राणी पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा : संतोष

- सिलौटी स्कूल में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर हुई निबंध, चित्रकला स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर रासेयो प्रभारी संतोष जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और संरक्षण प्रति लोगों में जागरूकता



फैलानी है।

इस वर्ष वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह की 70 वीं वर्षगांठ है। वन्य प्राणी हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके संरक्षण के बिना हमारा अस्तित्व खतरे में है। इस अवसर पर छात्रों के लिए निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई । निबंध प्रतियोगिता में पूनम साहू प्रथम, नोमेश साहू द्वितीय तथा चित्रकला प्रतियोगिता में दुर्गेश्वरी प्रथम व मोनिका साहू द्वितीय रही। कार्यक्रम में उर्वशी साहू, यामिनी साहू, हिना साहू, प्रतिभा साहू, रेशमा साहू, लेखनी साहू, जिज्ञासा, संतोष साहू, समीर, पुरेंद्र, सोमन का योगदान रहा।

## बोर्ड के ऑनलाइन कार्य के लिए विद्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त करने की मांग

# पोर्टल प्रारंभ करने प्रतिदिन 1000 जुर्माना वसूल करना अनुचित : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा परीक्षा वर्ष 2025 हेतु विद्यार्थियों के ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पुनः पोर्टल प्रारंभ करने के लिये विलम्ब शुल्क प्रतिदिन 1000 रु. की दर से जुर्माना वसूल करने के आदेश को अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण बताया है।





फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू, संरक्षक शिव नारायण गजेंद्र ने कहा है कि यह आदेश को शासकीय स्कूलों के लिए राज्य शासन की कल्याणकारी नीति के विरुद्ध है। 31जुलाई तक शाला प्रवेश की अंतिम तिथि होती है। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक प्रवेशित विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि 31 अगस्त तक बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई है। शासकीय विद्यालयों में अधिकांश विद्यार्थी गरीब परिवार से आते हैं। उनके माता-पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। स्कूल में प्रवेश के निर्धारित समय में अपने बच्चों का प्रवेश शुल्क एवं बोर्ड परीक्षा शुल्क जमा करने में असमर्थ रहते हैं। इससे विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि चाहकर भी निर्धारित समय में नहीं हो पाती है। ऐसे परिस्थिति में विद्यालयों से जुर्माना वसूला जाएगा तो भविष्य में यह हित में नहीं होगा। फेडरेशन का कहना है कि पोर्टल को खोलने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रति दिवस 1000 की दर से जुर्माना वसूला जा रहा है। 25 दिवस का 25000 जुर्माना होता है जो शासकीय विद्यालयों के लिये अव्यवहारिक एवं प्रताड़नापूर्ण है।

### ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पोर्टल को निःशर्त खोलें

उल्लेखनीय है कि अशासकीय विद्यालयों का भी कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन का कहना है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल का विद्या पोर्टल **vidia.cgbse.nic.in** में शालावार शिक्षक संवर्ग एवं विद्यार्थियों की जानकारी प्रविष्ट करने का कार्य करना होता है। कभी-कभी कंप्यूटर इंटरनेट में तकनीकी खराबी के कारण कार्य प्रभावित होता है। यूडाइस एंट्री, स्कॉलरशिप और बोर्ड कार्य एक ही समय सीमा में किये जाने के कारण कार्यभार बढ़ जाता है। संस्था में संसाधनों की कमी तथा तकनीकी जानकर कर्मचारी (कम्प्यूटर ऑपरेटर) की अनुपलब्धता के कारण तकनीकी त्रुटि हो जाती है। बोर्ड की प्रशासकीय एवं वित्तीय समिति को मैदानी क्षेत्र की समस्याओं के दृष्टिगत निर्णय लेना चाहिये। शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से नाम मात्र वार्षिक शुल्क शासन के आदेशानुसार लिया जाता है। विद्यालय के अनेक कार्यप्रयोजन शासन से प्राप्त आबंटन पर निर्भर रहता है। सेजेस स्कूलों में फीस का प्रावधान ही नहीं है। सम्पूर्ण कार्य शासन से आबंटन पर निर्भर रहता है। ऐसी स्थिति में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा भारीभरकम जुर्माना लगाना अनुचित है। बोर्ड को ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु पोर्टल को निःशर्त खोलना चाहिए।


नवरात्रि, धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर
मेरा SWARAJ
इस त्यौहार इनामों की बौछार
ऑफर सीमित समय के लिए
1 सितम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक
शुभ दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं
SWARAJ 742 XT
WARRANTY 6 YEARS WARRANTY
मेरा SWARAJ
733 FE
मात्र
5,15,733/-
में घर लाओ
RTO/बीमा का चार्ज अलग रहेगा
SWARAJ 733 FE
2 YEARS WARRANTY
SWARAJ DURAVATOR
मात्र
39,999/-
डाउनपेमेंट में घर लाओ
*नियम एवं शर्तें लागू
प्रत्येक खरीदी पर निश्चित उपहार
इंडक्शन
प्रेस आयरन
मिक्सर ग्राइंडर
सिलिंग फेन
केटल
-: नियम व शर्तें :-
डाउन पेमेंट राशि पूर्ण होने पर
*फायनेंस राशि
प्राप्त होने पर अगर एक्सचेंज है तो
पुराने वाहन का पूरा पेपर मिलने पर
यह ऑफर के पात्र होंगे।
छत्तीसगढ़ ट्रेक्टर्स
रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी
मो. : 87704-83854, 94255-12494
प्रो. अनिल साहू
ब्रांच ऑफिस - नगरी, मगरलोड, कुरूद, कुकरेल, भखारा

### वैदिक तथा आदिवासी समाज की पुरानी परंपरानुसार हुआ नवरात्रि पर्व का समापन

# महाष्टमी पर मां अंगारमोती के दरबार में गूंजा स्वाहा-स्वाहा






## हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में पाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरूवार को गंगरेल स्थित मां अंगारमोती के दरबार में महाष्टमी का पूजन विधि विधान पूर्वक संपन्न हो गया। हजारों श्रद्धालुओं के बीच पारम्परिक तथा वैदिक विधान के साथ पूजा की गई। जिलाधीश नम्रता गांधी तथा जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने पूजा में शामिल होकर देवी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दोनों अफसर को माता का फोटोयुक्त मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया।

आदि शक्ति मां अंगारमोती की कीर्ति देश-विदेश तक फैली हुई है। विभिन्न प्रदेश के अलावा विदेश के लोगों ने मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराई है। गुरुवार को नवरात्रि महाष्टमी पर हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि वनदेवी मां अंगारमोती का नवरात्रि पूजन पारम्परिक तथा वैदिक विधान से होता है।

शाम 4 बजे विद्वान पंडितों द्वारा हवन पूजा विधि-विधान पूर्वक किया गया। वहीं पारम्परिक पूजा माता के पुजारी, सिरहा, बैगाओं ने अपने देव विग्रहों के साथ की। अष्टमी पूजा के पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ों



श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर ट्रस्टियों ने दोनों अफसर को मां अंगारमोती की फोटोयुक्त मोमेंटो भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, उपाध्यक्ष पंकज ध्रुव, सचिव आरएन ध्रुव, सहसचिव ढालूराम ध्रुव, उदय नेताम, ओंकार नेताम, संरक्षक शिशुपाल सोरी, हेमलाल ठाकुर, रामजी ध्रुव, कोमलसिंह ठाकुर, सरजूराम ठाकुर, मनराखन ठाकुर, शिवचरण नेताम, ईश्वर नेताम, माधव ठाकुर, डा.एआर ठाकुर, सुदेसिंह मरकाम, तुकाराम मरकाम, मानसिंह मरकाम, अर्जुनसिंह कोर्राम, छेदप्रसाद कौशिल, जयपाल ठाकुर, ललित ठाकुर, ठाकुरराम नेताम, नारायणसिंह ध्रुव, गणेश्वर ध्रुव, दुलारसिंह कोर्राम, सुदर्शन ठाकुर, अकबरराम कोर्राम, नकुलराम नेताम, श्रीमती कांति नाग, श्रीमती बुधंतीन नेताम, श्रीमती गीता नेताम, शशि ध्रुव, समारूराम नेताम, लखन ध्रुव, पीआर नेताम, जोहनलाल कुंजाम, शिवकुमार, नरेंद्र नेताम, हरिराम नेताम, रोशन आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर, सीईओ का हुआ सम्मान



जल जगार महोत्सव की अपार सफलता के बाद जिले के उच्चाधिकारी माता के मुरीद हो गए हैं। गुरुवार को महाष्टमी पूजा में कलेक्टर नम्रता गांधी तथा जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव शामिल हुईं।

# दुर्गा महाष्टमी आज दशहरा पर्व कल मनेगा

- अष्टमी और नवमी तिथि को लेकर रही संशय की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि का महाष्टमी पर्व आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में शुभ मुहूर्त पर अष्टमी हवन होगा। इसके बाद 12 अक्टूबर शनिवार को नवमी एवं दशमी का पर्व मनेगा। इसी दिन दशहरा या विजयादशमी का त्योहार मनाया जाएगा। पं. अशोक शास्त्री एवं पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि बताई गई तिथि शास्त्र सम्मत है। तिथियों के अनुसार ही उत्सव को मनाया जाए। तिथियों को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए।



शहर की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में महाष्टमी हवन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होगा। इसी प्रकार अन्य मंदिरों में भी हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन होगा।

दरअसल अष्टमी और नवमी तिथि को लेकर इस बार संशय की स्थिति है। एक ही दिन में दो तिथि लग रही है। अष्टमी 10 अक्टूबर को 12:32 पर आरंभ हो रही है जो 11 अक्टूबर को 12:07 बजे तक रहेगी। इसके तुरंत बाद 10 अक्टूबर को ही नवमी तिथि प्रारंभ हो जाएगी जो 12 अक्टूबर को सुबह 10:59 बजे तक रहेगी। अष्टमी पूजन के बाद कन्या पूजन 11 अक्टूबर को करना होगा। 12 अक्टूबर को 10:59 के बाद दशमी लग जाएगी।

विदित हो कि कुछ देवी मंदिरों में गुरूवार को शाम को महाष्टमी हवन, पूर्णाहुति का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद आम भंडारा भी हुआ है। कुछ स्थानों पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे महाष्टमी मनाई जाएगी। इसी दिन कन्या भोजन भी होगा।




# कृदत्त कॉलोनी में गरबा की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि के प्रारंभ से कृदत्त कॉलोनी में प्रारंभ हुआ गरबा महोत्सव अष्टमी तक चला। प्रत्येक दिन कालोनी की श्रद्धालु महिलाएं, पुरूष व बच्चों ने गरबा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिदिन अलग-अलग रंग का ड्रेस कोड रखा गया था।



सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

